# ग्राम पंचायत चैतड़ू, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176209 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत चैतड़ू, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0प्र0 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सीमा देवी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**सचिव :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सविता देवी | 01.04.2024 से 13.06.2025 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री रोहित कुमार | 01.04.2024 से 06.11.2024 |
| 2 | श्री ओंकार दत्त | 07.11.2024 से 31.03.2025 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशा देवी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

ग्राम पंचायत चैतडू के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 1.61 |
| 2 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 17.57 |
| 3 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.54 |
| 4 | 7.2 | दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली शेष होना | 0.14 |
| 5 | 8 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.02 |
| 6 | 9.1 | निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.06 |
| 7 | 9.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 0.67 |
| 8 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 3.88 |

### (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/207 दिनांक–29.03.2025 द्वारा अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 10 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 24 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जो कि संस्था का अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष 24 पैरों के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 2. | 5(1)(2) (3) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 10 | अनिर्णीत | — |
| 6. | 12 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 15 | अनिर्णीत | — |

(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 5.1 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 8 | अनिर्णीत | |
| 4. | 10 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 11 | अनिर्णीत | |
| 6 | 12 | अनिर्णीत | |
| 7 | 15 | अनिर्णीत | |

(3) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि मांग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ 86 से करने उपरान्त |
| 2. | 4 क,ख | स्वतः निर्णीत | वित्तीय स्थिति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | 4.1 | निर्णीत | वित्तीय स्थिति व बैंक के अन्तशेषों में शून्य अन्तर के दृष्टिगत |
| 4. | 4.2 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 5 | निर्णीत | अनुदानो के व्यय से सम्बन्धित संलग्न अभिलेख के दृष्टिगत |
| 6 | 6 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 7 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 13 | निर्णीत | राशि 600 की वसूली रसीद संख्या 0096691 द्वारा करने उपरान्त, दिनांक 28.06.2023 को खाता संख्या 20058006755 में जमा करवा दी गई है। |
| 14 | 14 | निर्णीत | राशि 1345 की वसूली रसीद संख्या 0096710 द्वारा करने उपरान्त, दिनांक 25.07.2023 को खाता संख्या 20058006755 में जमा करवा दी गई है। |
| 15 | 15 | निर्णीत | राशि 3400 की वसूली रसीद संख्या 0096711 द्वारा करने उपरान्त, दिनांक 25.07.2023 को खाता संख्या 20058006755 में जमा करवा दी गई है। |
| 16 | 16 | अनिर्णीत | — |
| 17 | 17 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 18 | 18 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत चैतड़ू के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 28.04.2025 से 03.05.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया

गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2023–25 | 02/2025 | 12/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/289 दिनांक–03.05.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि कांगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक गगल के मल्टीसिटी चैक संख्या 464927 दिनांक 20.05.2025 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/277 दिनांकः–28.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 322582 | 77732.00 | 400314.00 | 152308.00 | 248006.00 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 1011712.17 | 5419919.27 | 6431631.44 | 4674903.21 | 1756728.23 |

**कुल योग** (1+2)248006.00+1756728.23=**2004734.23**

## (ख).बैंक समाधान विवरणीः–

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹20,04,734.23 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹18,44,176.23 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत | का•के•सह•बैंक गगल | 20058006755 | 247491 |
| 2 | 5वॉं वित्त | का•के•सह•बैंक गगल | 20058021242 | 38721 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक गगल | 50060928796 | 98735 |
| 4 | एस.डी.पी/एस.डी.आर.एफ | का•के•सह•बैंक गगल | 50060928854 | 301060 |
| 5 | 15वॉं वित्त/पी.एस/जेड.पी | यूको•बैंक चैतडू | 33400110017135 | 1157639.23 |
| 6 | आर.जी.एस.ए | एक्सिस बैंक धर्मशाला | 922010000398941 | 15 |
| 7 | हस्तगत शेष दिनांक 31.03.2025 को स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड बही के अनुसार | | | 515 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः– | | | | ₹1844176.23 |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹2004734.23 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः– | | | | ₹1844176.23 |
| अन्तरः– | | | | ₹160558 |

**नोटः– अन्तर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेषों में राशि ₹1.61 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत चैतड़ू द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹160558/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/279 दिनांकः–30.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–07 दिनांकः–03.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त राशि का अन्तर पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अन्तर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**4.2 निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि का रखनाः—**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/— तक की राशि ही इम्पैस्ट रूप में रखी जा सकती है।

नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्न तालिका में दिए गए विवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक नकद राशि को हस्तगत रखा गया था, जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है :—

अतः इस अनियमितता का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित करके सुधारात्मक अनुपालना से अँकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | रो॰ ब॰ पृ॰ | दिनाँक | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 09 | 16.08.2024 | 3419 |
| 2. | 10 | 21.08.2024 | 3419 |
| 3. | 15 | 23.10.2024 | 2890 |
| 4. | 16 | 22.11.2024 | 3290 |
| 5. | 20 | 27.01.2025 | 2375 |
| 6. | 22 | 24.02.2025 | 9475 |

5 **निवेश न करने बारेः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹3,26,484 से ₹2,47,491. तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/290 दिनांकः 03.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—07 दिनांक 03.05.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अन्तर्गत उल्लेखित प्रारूप—1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹17.57 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/277 दिनांकः–28.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹17,56,728.23/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त | 31.03.2025 | 38721.00 |
| 2 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2025 | 98735.00 |
| 3 | एस.डी.पी | 31.03.2025 | 102760.00 |
| 4 | एस.डी.आर.एफ | 31.03.2025 | 198300.00 |
| 5 | आर.जी.एस.ए | 31.03.2025 | 15.00 |
| 6 | एस.जी.एस.वाई | 31.03.2025 | 47036.00 |
| 7 | आर.ए.वाई | 31.03.2025 | 1568.00 |
| 8 | 13वाँ वित्त | 31.03.2025 | 119697.00 |
| 9 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1149896.23 |
| | | **कुल जोड** | **1756728.23** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/280 दिनांक–30.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 07 दिनांकः–03.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.54/– की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/277 दिनांकः–28.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में ₹53660/– की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/281 दिनांकः–30.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–07 दिनांकः–03.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा मांग व संग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षण को दिए गए आश्वासन के दृष्टिगत बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## दुकानों के किराये से आयः—

## 7.2 दुकानों के किराये की बकाया ₹0.14 लाख का वसूली हेतु शेष होनाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी तथा प्ररूप 10 में इससे सम्बन्धित मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2025/277 दिनांकः—28.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2025 तक दुकानों के किराये के रूप में **₹14300/—** की राशि वसूली हेतु शेष थी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था, जिसके अभाव में दिनांक 31.03.2025 को दुकान किराया वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि नहीं की जा सकी। ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित वसूली हेतु गम्भीर नहीं है। यदि पंचायत राजस्व बकाया इसी तरह बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो सकता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/282 दिनांकः—30.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—07 दिनांकः—03.05.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि करने उपरान्त सूचित किया गया कि, इस बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व उक्त से सम्बन्धित मांग व सग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर उपरोक्त नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत बकाया पंचायत राजस्व की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार कारगर कदम उठाया जायें तथा मांग व संग्रहण रजिस्टर को तैयार करना सुनिश्चित करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

**7.3 संचालित दुकानों के किराया वसूली करने हेतु उचित प्रक्रिया पालन किये बिना पंचायत परिसर को किराये पर देने से संभावित राजस्व हानि बारेः–**

हि•प्र• पँचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को देय व प्राप्त राजस्व का ब्यौरा पंचायत के निधि लेखों मे शुद्ध तथा तत्परता व नियमित रूप से निर्धारित वसूली करना तथा जमा किये/निकाले गए और अपने अधीन सभी स्त्रोतो जहां से राजस्व उत्पन्न होता है, का लेखा जोखा प्रारूप 10 में मांग व संग्रहण रजिस्टर में तैयार किया जाएगा।

निदेशक एवं विशेष सचिव पचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच–एचसी (7)10/80 दिनांक 17.09.2008 के अनुसार ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरों को किराये पर देने के लिये निम्न कमेटी गठित की जाएगीः–

1.उपमण्डलाधिकारी/तहसीलदार (अध्यक्ष)

2.खण्ड विकास अधिकारी (सदस्य)

3.प्रधान सम्बन्धित ग्राम पंचायत (सदस्य)

4.पंचायत निरीक्षक (सदस्य)

5.पंचायत सचिव/पंचायत सहायक (सदस्य–सचिव)

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सम्बन्धित किरायेदार के साथ अनुबन्ध करेगी जिसमें ग्राम पंचायत निम्न शर्ते निर्धारित करेगीः–

1.सम्बन्धित व्यावसायिक परिसरों/भवनों का किराया लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों से कम न हो।

2.किराये में वृद्धि का प्रावधान किराया नियन्त्रण अधिनियम के अनुरूप हो।

3.यदि किरायेदार किराया नहीं देता है या परिसर को नुकसान पहुँचाता है तो परिसर को 30 दिन की अवधि के अंदर खाली करने का प्रावधान रखा जाए।

4.किरायेदार को परिसर को आगे किसी व्यक्ति को किराये पर देने का अधिकार न हो और न ही उसे उसके उपयोग को परिवर्तित करेगा।

5.किरायेदार परिसर में किसी प्रकार निर्माण/परिवर्तन/अतिक्रमण नहीं करेगा।

6.सम्बन्धित व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने से पूर्व पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार किया जाएगा तथा व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर खुली बोली से दिया जाएगा।

7.व्यावसायिक परिसरों/भवनों के पानी/बिजली के बिलों की अदायगी किरायेदार द्वारा की जाएगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा पंचायतों के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने सम्बन्धी जारी उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित नहीं की गई थी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2025/277 दिनांकः–28.04.2025 के प्रत्युत्तर में, पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 07 दिनाँक 03.05.2025 द्वारा अंकेक्षण के दौरान सूचित किया कि, ग्राम पंचायत द्वारा संचालित 3 दुकाने व एक पोस्ट ऑफिस किराये पर दिया गया, परन्तु इन्हें किराए पर देने से पूर्व कमेटी का गठन नहीं किया गया और किरायेदारों के साथ अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितताओं बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/282 दिनांकः 03.04.2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 07 दिनाँक 03.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, भविष्य में इस पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत स्पष्टीकरण उक्त दिशा–निर्देशों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है पंचायत हितों को सुरक्षित करने के लिये समय–समय पर जारी आदेशो–निर्देशों अनुसार अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके किरायेदारों के साथ उपरोक्त निर्देशों व नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में दिक्कत न आये एवं पंचायत हितों की सुरक्षा हेतु नियमानुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व एवं पंचायती राज संस्थाओं के व्यावसायिक परिसरों को किराये पर देने सम्बन्धी दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

**8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/–लाख को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने बारेः–**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः–04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार

राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या ''0070–60–108–01'' में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/277 दिनांकः–28.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट ''6''** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत चैतड़ू द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹2200/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष/बैंक में जमा नहीं करवाया गया था, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय की दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/283 दिनांकः–01.05.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत चैतड़ू के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी वसूली अंकेक्षण के दौरान ही करके खाता संख्या 20058006755 में दिनांक 03.05.2025 को जमा करवा दी गई, जबकि उक्त राशि सरकारी कोष में जमा करवाई जाना वांछित थी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क की इस राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरान्त सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.06 लाख के स्टॉक का क्रय करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत चैतड़ू के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट ''7''** के अनुसार ₹5800/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/284 दिनांकः–01.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–07 दिनांकः–03.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया

जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹0.67 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भण्डार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25, 26, 27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत चैतडू के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–"7"** पर संकलित राशि ₹66717/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे स्पष्ट है कि संस्था के स्टॉक रजिस्टर स्टोर/स्टॉक की सच्ची एवं सही स्थिति नहीं दर्शाते हैं, फलस्वरूप क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

इस दोहराई गई अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/285 दिनांकः–02.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–07 दिनांकः–03.05.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि ,सामग्री का मदवार स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2022 से 03/2023 के **पैरा संख्या 10** मे दर्ज अंकेक्षणापति के दृष्टिगत, तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी एवं उचित इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹3.88/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 12/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹3,87,597/**–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| **क्र0सं0 व अनुदान** | **वाउचर सं/ दिनांक** | **बिल संख्या/ दिनांक** | **कार्य का नाम** | **भुगतान राशि (₹)** | **वांछित अभिलेख** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.एस.डी. आर.एफ | पी/18/ 20.12.2024 | 340711/06. 01.2025 | निर्माण व बचाव दीवार वार्ड 3 पार्किंग स्थल | 20433 | माप–पुस्तिका, प्ररूप 34 |
